भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 398**

**02.12.2025 को उत्तर के लिए नियत**

**सरकारी सीमेंट कंपनियों का पुनरुद्धार**

398. **एडवोकेट चन्द्र शेखरः**
**श्री हनुमान बेनीवालः**
**श्री बाबू सिंह कुशवाहाः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में चल रही सरकारी सीमेंट कंपनियों/कारखानों का राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है और उनकी कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या विगत कुछ वर्षों के दौरान देश में कई सरकारी सीमेंट कम्पनियां बंद हो गई हैं;

(ग) यदि हां, तो बंद की गई सीमेंट कंपनियों/कारखानों का ब्यौरा क्या है और उनके बंद होने के क्या कारण हैं तथा इसका नामवार और स्थानवार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का जनता को वहनीय मूल्य पर सीमेंट उपलब्ध कराने के लिए नई सरकारी सीमेंट कंपनियों की स्थापना करने अथवा बंद पड़ी सरकारी सीमेंट कंपनियों का पुनरुद्धार करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क)** : सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआई) सीमेंट के विनिर्माण और विपणन के व्यवसाय में एकमात्र केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम है। वर्तमान में, सीसीआई के पास तीन प्रचालन इकाइयां हैं जिनकी स्थापित क्षमता 14.46 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जैसा कि नीचे विवरण दिया गया है।

| सीमेंट प्लांट का स्थान | राज्य | क्षमता (लाख मीट्रिक टन) | कमीशनिंग की तिथि |
|---|---|---|---|
| बोकाजान | असम | 1.98 | 01.04.77 |
| राजबन | हिमाचल | 2.48 | 01.04.80 |
| तंदूर | तेलंगाना | 10.00 | 01.07.87 |

**(ख) और (ग)** : सीसीआई की सात गैर-परिचालन इकाइयों को निम्नानुसार बंद कर दिया गया है:

| क्र.सं. | इकाइयों का नाम | तब से संचालन नहीं हो रहा है | स्थान | बंद करने के कारण |
|---|---|---|---|---|
| (i) | नयागांव | 1997 | मध्य प्रदेश | नवीनतम क्लिंकरीकरण प्रौद्योगिकी स्थापित की गई, लेकिन सीमेंट संयंत्र से सफलतापूर्वक नहीं जोड़ी गई |
| (ii) | कुरकुंटा | 1998 | कर्नाटक | पुरानी तकनीक और उच्च उत्पादन लागत |
| (iii) | चरखी दादरी | 1996 | हरियाणा | उपयुक्त चूना पत्थर की कमी |
| (iv) | भटिंडा ग्राइंडिंग यूनिट | - | पंजाब | संयंत्र उपकरण स्थापित नहीं |
| (v) | मांढर | 1996 | छत्तीसगढ | पुरानी तकनीक और उच्च उत्पादन लागत |
| (vi) | आदिलाबाद | 1998 | तेलंगाना | पुरानी तकनीक और उच्च उत्पादन लागत |
| (vii) | अकलतरा | 1996 | छत्तीसगढ | पुरानी तकनीक और उच्च उत्पादन लागत |

**(घ) और (ङ) :** सीमेंट क्षेत्र में नये केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम की स्थापना या सीसीआई की बंद इकाई को पुनर्जीवित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****